**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर -**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि उ0प्र0 में मजदूरों के उपचार हेतु गोल्डन कार्ड बनाये जा रहे हैं ? | जी हाँ।<br>श्रम विभाग, उ0प्र0, "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" द्वारा उपलब्ध कराये गये पंजीकृत श्रमिक परिवारों का डाटा योजनान्तर्गत सम्मिलित किया गया है, जो कि श्रम विभाग द्वारा ही वित्त पोषित है। पंजीकृत/नवीनीकृत कामगारों एवं उनके परिजनों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत आच्छादित किया गया है। आच्छादित परिवारों को प्रति वर्ष, प्रति परिवार 05 लाख रूपये के निःशुल्क उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। |
| (ख) यदि हाँ, तो दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 तक कितने गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं ? | दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 तक 10,26,501 गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके है। |
| (ग) क्या गोल्डन कार्ड बनाये जाने की संख्या निर्धारित है या सभी के बनाये जायेंगे ? | श्रम विभाग द्वारा चिन्हित किये गये श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे।<br>अब तक श्रम विभाग, उ0प्र0, "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" द्वारा उपलब्ध कराये गये 11.65 लाख पंजीकृत श्रमिक परिवारों का डाटा योजनान्तर्गत सम्मिलित किया गया है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**

**उप मुख्यमंत्री।**